रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद सबसे बड़ी जीत के साथ भारत चैंपियन (पेज : 11)



# गूंजने लगी शहनाई, विशेष थीम के आधार पर सजाए जा रहे मंडप

## मंगल परिणय विराम हटते ही विवाह समारोहों ने पकड़ा जोर, होटल-मैरिज गार्डन में बढ़ी रौनक



फाइल फोटो

जागरण, रीवा

एक फरवरी को शुक्रोदय के साथ ही विवाह समारोह पर 15 दिसंबर से लगा विराम हट गया है। चार फरवरी से फिर से विवाह की शहनाइयां गूंजने लगी हैं। मंडप सजने लगे हैं। 14 मार्च तक विवाह के मुहूर्त हैं। इसके बाद फिर खरमास लगने के चलते विवाह थम जाएंगे। मई-जून के ज्यादातर दिनों में पुरुषोतम मास के चलते विवाह नहीं होंगे। इसके चलते लोग फरवरी-मार्च के शुभ मुहूर्तो में ही विवाह कर लेना चाह रहे है। इसलिए शहर के मैरिज गार्डन, बारातघर व होटलों में बुकिंग जोरों पर चल रही है। विशेष थीम पर आधारित सजावट की मांग की जा रही है। टेंट, बैंड व अन्य जरूरी चीजों के लिए भी बुकिंग जोरों पर हो रही है। विवाह की खरीदारी भी शुरू हो गई है। मैरिज गार्डन, बारातघर के संचालकों के अनुसार चार फरवरी से 14 मार्च तक के विवाहों के सीजन के लिए शहर के मैरिज गार्डन और मैरिज हॉल तैयार है। इस अवधि के बीच इन गार्डन व बारातघरों को अभी तक पांच सैकड़ा से अधिक बुकिंग मिल चुकी हैं।

### शाही, क्लासिक शैली

टेंट, मैरिज गार्डन संचालकों ने बताया कि इन दिनों विशेष थीम पर आधारित पंडाल की साज-सज्जा पसंद की जा रही है। राजस्थानी, शाही प्राचीन भारतीय शैली के पंडाल की मांग बहुत है। फूलों और झूमर के साथ परीकथा जैसी सजावट, पुराने जमाने का आकर्षण, एंटीक सजावट और क्लासिक शैली, हरियाली, टिमटिमाती लाइट और प्राकृतिक माहौल युवाओं को भा रहे हैं। इस तरह की थीम के के ऑर्डर बड़ी संख्या में मिले हैं। वहीं जयमाला में आरती सहित दुल्हन इंट्री की कई नई थीमें चल रही हैं।

### मार्च से फिर लगेगा खरमास

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार फिलहाल सूर्य देव मकर राशि में हैं। सूर्य देव 14 मार्च को मीन राशि में गोचर करेंगे। अतः साल 2026 में 14 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक खरमास रहेगा। इस दौरान एक माह तक खरमास के चलते विवाह नहीं होंगे। पुरुषोत्तम मास के चलते 17 मई से 15 जून तक विवाह स्थगित रहेंगे।

### जारी वर्ष में मार्च तक इतने मिलेंगे विवाह के लिए शुभ मुहूर्त

- फरवरी में 08, 10, 11, 12, 13, 14, 19, 20, 20, 21, 24, 25 व 26 फरवरी (कुल 13 दिन)
- मार्च में 02, 05, 07, 09, 10, 11, 12, 13 और 14 मार्च ( कुल 09 दिन)

### वाटर प्रूफ टेंट की मांग अधिक

बदलते मौसम के कारण बारिश की आशंका को देखते हुए मैरिज गार्डन की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। विवाह समारोह के दिन बारिश होने पर भी लोगों को मनचाही स्टेज की सजावट मिल जाएंगी। टेंट हाउस संचालकों ने बताया कि फिलहाल वाटर प्रूफ टेंट की मांग अधिक है।

## चौपाटी के सामने हटाया अतिक्रमण फिर हुआ काबिज



**रीवा।** शहर में किए अतिक्रमण हटने की बजाय बढ़ते जा रहे हैं। अवैध अतिक्रमण हटाने वाले अतिक्रमण तो हटाते हैं, लेकिन कार्रवाई के दौरान सभी को हटाने की बजाय कुछ लोगों को मौखिक तौर पर कब्जा हटाने के लिए बोलकर लौट जाते हैं, कड़ाई से कार्रवाई न होने के चलते अतिक्रमणकारी पुनः कब्जा कर लेते हैं, जिसका एक उदाहरण शहर में स्थित चौपाटी में देखने को मिला। साईं मंदिर चौराहे पर स्थित चौपाटी के सामने किया गया अतिक्रमण नगर निगम द्वारा पूर्व में हटाया गया था, हटाने के कुछ समय बाद ही अतिक्रमणकारी यहां फिर से काबिज हो गए। यानी अब इन्हें हटाना हो ता फिर से अतिक्रमण हटाने यहां पूरा अमला लाना पड़ेगा। जिसमें समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है।

# निगमायुक्त ने दिया प्रतिदिन 40 लाख वसूली का टारगेट

## 20 हजार रुपये से अधिक के सभी बकायादारों को जारी होगी कुर्की की नोटिस



**जागरण, रीवा।** नगर निगम में राजस्व एवं जलकर के बकायादारों से वसूली की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रतिदिन 40 लाख रु. वसूली का टारगेट दिया। उन्होंने 20 हजार रुपये से अधिक के सभी बकायादारों को कुर्की की नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को राजस्व एवं जलकर वसूली के संबंध में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब दो माह से भी कम समय बचा है ऐसी स्थिति में वसूली की गति तेज किया जिससे राजस्व का लक्ष्य पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी विभागों के बकाया जलकर की राशि पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए वसूली की जाए। उन्होंने सरकारी विभागों के कनेक्शनों एवं बड़े बकायादारों की वसूली हेतु अलग अलग योजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोमवार से विशेष कैम्प लगाकर जलकर एवं राजस्व के बकाया की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन 40 लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर वसूली सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित वसूली लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 20 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले सभी बकायादारों को कुर्की की नोटिस जारी की जाए। निगम आयुक्त ने बकाया करों की वसूली को लेकर कहा कि जो बकायादार निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। उन पर तालाबंदी एवं कुर्की की कार्रवाई की जाए। निगम आयुक्त ने सोमवार से जोनवार रोस्टर बनाकर एक दिन पूर्व सूची तैयार करते हुए आगामी मार्च माह तक प्रतिदिन अलग-अलग दल बनाकर कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई अभियान के रूप में करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी सहित वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।

## कहां गुम हो गए मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, तलाश करवाइए आईजी साहब !



### कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने दर्ज करायी गुमसुदा रिपोर्ट

**रीवा।** करीब एक माह से मऊगंज क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के चर्चित विधायक प्रदीप पटेल के अचानक लापता होने की चर्चाओं के बीच प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आईजी कार्यालय में पहुंचकर शुक्रवार को गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव श्री मंगू ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से कहा कि जब एक जनप्रतिनिधि के लापता होने की तलाश पुलिस भाजपा की ही सरकार नहीं कर पा रही है तो जिले की जनता कैसे सुरक्षित रह पाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आज यह स्थिति हो गई है कि प्रदेश में हिंदुत्व का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हिंदू ही खतरे में है , यदि ऐसा न होता तो भाजपा के ही हिंदू विधायक अपने सुरक्षा को लेकर अचानक लापता न हुए होते। विधायक के लापता होने के बाद भी प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री मौन हैं। श्री मंगू ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि शीघ्र मऊगंज क्षेत्र की जनता के हित में उनके विधायक की तलाश करें तथा विधायक के साथ 24 घंटे तैनात रहने वाले पीएसओ पर जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई कर प्रदेश की जनता को संदेश दिया जाए की पुलिस प्रशासन सभी के सुरक्षा की जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करने में सक्षम है। उक्त शिकायत पर पुलिस के उच्च अधिकारियों में वैधानिक कार्रवाई करने का आश्वासन कांग्रेस नेता व उनके समर्थकों को दिया।

# पड़रा सुआरन टोला में निर्माणाधीन सड़क की सहायक यंत्री ने कराई नापजोख



जागरण खबर का असर

## सड़क में दोनों तरफ अतिक्रमण किये जाने का लोगों द्वारा किया जा रहा था विरोध

**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक चार स्थित पड़रा सुआरन टोला में निर्माणधीन सड़क की नगर निगम के सहायक यंत्री द्वारा नापजोख कराई गई। नापजोख के बाद मोहल्ले के लोगों को वस्तुस्थिति की जानकारी दी गई। लोगों ने नगर निगम की टीम को प्लाट खरीदने की रजिस्ट्री दिखाई जिसमें सड़क दस फिट दर्ज है लेकिन मौके पर नापजोख करके जिन लोगों ने सड़क पर रैंप बना रखे थे और सड़क निर्माण में बाधक बन रहे थे, उन्हें हकीकत से अवगत कराया गया। पड़रा सुआरन टोला के लोगों की समस्या का दैनिक जागरण द्वारा शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। इसके बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और सड़क की नापजोख करके वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। गौरतलब है कि पड़रा सुआरन टोला के लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई लगभग 40 प्रतिशत कम हो गई है, जिससे आवागमन में गंभीर समस्या हो रही है और दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। कॉलोनी के कुछ निवासियों द्वारा सड़क पर अवैध अतिक्रमण करके अपने घरों के सामने रैंप बना लिया गया है जिसके कारण सड़क कार निर्माण निर्धारित चौड़ाई में नहीं किया जा रहा है। इस शिकायत के बाद निगमायुक्त के आदेश पर नगर निगम के सहायक यंत्री एवं अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी शुक्रवार को दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क की नापजोख कराकर लोगों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाया। इस कार्यवाही के बाद सड़क निर्माण की बाधा दूर हो गई।

### रास्ते में बनाये गये चबूतरे को ध्वस्त कराया

शहर के वार्ड 34 में मस्जिद के पीछे जनता प्रेस के पास रास्ते को घेर कर चबूतरे का निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम के जोन क्रमांक एक के प्रभारी राजेश चतुर्वेदी ने टीम के सदस्यों को तत्काल मौके पर भेजा। टीम ने मौके पर पहुंच कार्यवाही करते हुए चबूतरे के बढ़े हुए हिस्से को ध्वस्त करा दिया गया। उक्त चबूतरे के निर्माण से रास्ते से वाहन निकलने में परेशानी होने के कारण चबूतरे को तोड़ दिया गया। इसके साथ ही अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि अगर दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों की होगी पूजा



**रीवा।** महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभअवसर पर आगामी 15 फरवरी को श्री मनकामेश्वर मंदिर के गोल चबूतरे में नगर के शिव भक्त 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण-पूजन और भंडारे के सर्वफलदायी आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर महादेव की पूजन आराधना करेंगे। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी एवं अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के मार्गदर्शन में हो रहे द्वितीय जन कल्याणकारी कार्यक्रम में सहयोग देने के लिये नगर की कई संस्थाओं ने अपने सहयोग के हाथ बढ़ाये हैं। जिनमें प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विद्यालय, मानस मंडल, रिदम म्यूजिकल ग्रुप, विन्ध्य काव्य साहित्य परिषद कलम परिवार मेडिकल उपभोक्ता फोरम, मानवाधिकार रक्षा मंच द्वारा अपनी सहमति दी जा चुकी है। परिषद के संयोजक सुमित माँजवानी ने बताया कि आयोजन को भव्य बनाने समुचित तैय्यारियॉ की जा रही है। इस अवसर पर विशाल भंडारे के निर्माण की जिम्मेदारी संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू को दी गई है। आयोजन में संगीतमय भजनो की प्रस्तुतति के लिये कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। पार्थिव शिवलिंग पूजन-आरती के लिये पंडितों की उपस्थिति रहेगी। सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर सायंकाल आरती के साथ विधिवत विसर्जन कराया जायेगा। आयोजन के शुभारंभ और विसर्जन के लिये नगर के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। हिन्दू धर्म परिषद के इस आयोजन को लेकर नगर के शिव भक्तों में काफी उत्साह दिख रहा है।

# जीएमएच में गुटखा-पान की पीक से जगह-जगह रंगी दीवारें

## पान मसाला थूकने के लिए तोड़ दी गईं जालियां

**जागरण, रीवा।** गांधी मेमोरियल अस्पताल में लोगों ने पान मसाला थूकने के लिए यहां लगी जालियां ही तोड़ दी। अस्पताल के अंदर पान, गुटखा आदि ले जाने पर प्रतिबंध है, गत वर्ष यहां आने वाले मरीज के परिजनों से मुख्य द्वार पर ही पान, गुटखे रखवा लिए जाते थे परन्तु कुछ समय कड़ाई बरतने के बाद पान, गुटखे की जांच का मामला ठंडे बस्ते में चला गया। यहां के कर्मचारियों की लापरवाही से पान, मसाला खाने वाले बाज नहीं आ रहे, यहां आने वाले लोगों के साथ ही अस्पताल के भी कई कर्मचारी भी पान, गुटखे का सेवन करते हैं जो इन टूटी जालियों से पिचकारी मार देते हैं, स्थिति यह है कि जगह-जगह दीवारों में पान मसाला थूका हुआ है, जिससे यहां की दीवारें रंग बिरंगी हैं तो कई कोनों व दरवाजों के नीचे भी पान, गुटखा थूका हुआ है। वर्तमान में स्थाई कर्मचारियों की बजाय यहां की व्यवस्था ठेके के कर्मचारी संभाल रहे हैं, जिनमें से अधिकतर कर्मचारी स्वयं ही पान, गुटखा का सेवन करते देखे जा सकते हैं, वाहन पार्किंग की वसूली करने वाले कर्मचारी भी दिन भर मुंह में पान, मसाला भरे रहते हैं, ठेके के माध्यम से अस्पताल के वार्डों में नियुक्त अधिकांश कर्मचारी पान, गुटखा चबाते रहते हैं, जिन्हें थूकना हो तो बाहर आना पड़ता है, इसलिए कहीं पर कोना देखकर थूक लेते हैं तो जिन्हें थूकने की जगह नहीं मिली, उन्होंने अस्पताल में लगी शासकीय जालियां ही तोड़ डाली।


Jamia Hamdard
(A Government Aided Deemed to be University)
Where Legacy Meets Modern Learning
Hamdard Nagar, New Delhi - 110062
SCAN TO APPLY

Applications for MBA & M.Sc. Nursing 2026-27

School of Nursing Education and Research
M.Sc. Medical Surgical Nursing;
M.Sc. Obstetrics & Gynaecological Nursing;
M.Sc. Mental Health (Psychiatric) Nursing;
M.Sc. Community Health Nursing;
M.Sc. Child Health (Paediatric) Nursing

School of Management and Business Studies
MBA with specialisation in Marketing, HR, Finance, IB, IT, Operations & Entrepreneurship
MBA – Healthcare & Hospital Management;
MBA – Pharmaceutical Management

For further details, refer to the Admissions Prospectus 2026-27

Phone No: +91-11-26059688
Website: www.jamiahamdard.ac.in
Email: admissions@jamiahamdard.ac.in
Apply Now: ums.jamiahamdard.ac.in
For any queries related to admissions, Contact: 7042519957/9205774417/9266777157

CBC 21265/12/0008/2526



पायनियर स्कूल (Pioneer School)
प्रथम 50 छात्रों को प्रवेश शुल्क माफ
नर्सरी से 10वीं तक प्रवेश प्रारंभ
• घर तक वाहन सुविधा
• शांत वातावरण / एक एकड़ का कैम्पस
• सभी शिक्षक पोस्ट ग्रेज्यूट
अनंतपुर, सूरज नगर, रीवा | संपर्क नंबर :- 9826877767, 83700 73017





अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को अवसर प्रदान करने हेतु
नेशनल एससी-एसटी हब योजना
अक्टूबर 2016 से
एससी-एसटी इकाईयों से सरकारी खरीद 38 गुना बढ़ी
1.5 लाख से अधिक एससी-एसटी उद्यमी लाभान्वित
मुख्य लाभ
• ₹25 लाख तक की सब्सिडी
• निःशुल्क क्षमता निर्माण प्रशिक्षण
• विक्रेता विकास एवं बाजार संपर्क सहायता
• प्रतिस्पर्धात्मकता संवर्धन सहयोग
"एम एस एम ई हमारे देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। हम इस क्षेत्र के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"
— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.scsthub.in
राष्ट्रीय एससी-एसटी हब फॉलो करने के लिए QR code स्कैन करें
CBC 25106/15/0001/2526

## मोबाइल ऐप से करेंगे ऑनलाइन निगरानी

# ग्रामीण अंचल पर हुआ प्रश्न पत्रों का वितरण पेटी और ताला लेकर पहुंचे केन्द्राध्यक्ष

### परीक्षा सम नंबर फार्मूले पर होगी, प्रश्नपत्रों की पैकिंग डबल की

जागरण,रीवा

आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाली 10वीं व 12वीं की परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल काफी सख्त है। मंडल ने पेपर लीक नहीं हो इसके लिए इस बार प्रश्नपत्रों की पैकिंग डबल की है। प्रश्नपत्र जिला समन्वयक संस्थाओं को केंद्रवार बाक्स में दिए जा रहे है। इनको तिथिवार सील्ड बाक्स में रखा है। शुक्रवार को इन बाक्स को ग्रामीण अंचल के परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों को वितरित किया गया। इन सील्ड बाक्स को लोहे की पेटी में सुरक्षित रखा है, जिसे संबंधित पुलिस थाने में जमा किया जाएगा। परीक्षा वाले दिन ही प्रश्नपत्रों के पैकेट सीधे परीक्षा कक्ष में खोले जाएंगे। यह सब कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में होगा। शुक्रवार को मार्तंड क्रमांक एक से प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया। बताया गया कि 71 ग्रामीण अंचल के केन्द्रों के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया। सुबह 11 बजे से शुरु हुई प्रक्रिया करीब शाम 7 बजे तक चलती रही। केन्द्राध्यक्ष पेटी और ताला लेकर पहुंचे। आज शहरी क्षेत्र के केन्द्रों के प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।





बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र का वितरण किया गया है, शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न पत्र सौंपे गए हैं। आज शहरी क्षेत्र के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
**रामराज प्रसाद मिश्रा**
**डीईओ रीवा।**

### इस फार्मूले पर होगी परीक्षा

इस बार परीक्षा ईवन (सम नंबर) फार्मूले पर होगी। परीक्षा कक्ष में 20, 40 या 60 परीक्षार्थी बैठेंगे। यानी विषम संख्या नहीं होगी। प्रश्न-पत्र चार सेट में मिलेंगे। प्रश्नपत्र के बंडल परीक्षा कक्ष के बाहर न खोलना पड़े इसके इंतजाम किए गए हैं। एक बंडल 20 प्रश्नपत्र क्रम अलग चार सेट में होंगे। प्रश्न सभी में एक जैसे होंगे लेकिन इनका क्रम बदला रहेगा। इससे आगे-पीछे और दोनों ओर परीक्षा देने वालों को अलग-अलग सेट का पेपर मिलेगा। प्रश्नपत्रों का बंडल खुलने के बाद उसे बाहर नहीं ले जा सकते है।

### लोकेशन भी ट्रेस करेंगे

परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी के मोबाइल पर मंडल का ऐप डाउनलोड रहेगा। ऐप से पुलिस थाने से प्रश्न-पत्र के निकलने की एंट्री, केंद्रों पर प्रश्न-पत्र खोलने से लेकर वितरण की एंट्री, परीक्षा खत्म होने के बाद बंडल बनने और मूल्यांकन केंद्र पर जमा करने तक की एंट्री की जाएगी। यहां तक कि हर प्रश्नपत्र के बंडल लोकेशन भी ट्रेस होगी। इसके अलावा कलेक्टर प्रतिनिधि और उड़नदस्तों की मॉनिटरिंग भी ऐप के माध्यम से की जाएगी। प्रश्नपत्र बंडलों को थाना से निकालकर केंद्र तक पहुंचाने और वितरण तक कलेक्टर प्रतिनिधि की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### 53821 छात्र देंगे परीक्षा

बता दें कि रीवा व मऊगंज जिले के कुल 53821 छात्र परीक्षा देंगे। जिसमें कक्षा 10वीं के 29653 छात्र व कक्षा 12वीं के 24168 छात्र परीक्षा देंगे। इसके लिए जिले में 94 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 71 रीवा व 23 केन्द्र मऊगंज जिले में बनाए गए हैं। 12 केन्द्र संवेदनशील व अति संवेदनशील हैं। परीक्षा की तैयारी लगभग अंतिम चरण में हैं।

# 6 जिलों के नर्सिंग कॉलेजों से एफीलेशन के लिए 15 फरवरी तक मंगाए आवेदन

### वर्ष 2025-26 के लिए मान्यता व नवीनीकरण की होगी प्रक्रिया




**जागरण,रीवा।** नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्स अब अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के जिम्मे आ गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय की तरफ से अधिसूचना जारी करते हुए रीवा, सतना, सीधी, मऊगंज, सिंगरौली व मैहर के सभी नर्सिंग कॉलेजों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 15 फरवरी तक हर हाल में एफीलेशन प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दें। एपीएसयू के रजिस्ट्रार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मप्र शासन भोपाल के पत्र के अनुपालन में विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अंतर्गत जिलों में संचालित नर्सिंग महाविद्यालयों को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सत्र 2025-2026 में संबंधित पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष की सम्बद्धता-निरंतरता प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। नर्सिंग पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाले महाविद्यालय को पोर्टल पर आवेदन शुल्क जमा कर पंजीयन करना होगा जिसके बाद प्रत्येक महाविद्यालय को लॉगिन आईडी जारी किया जाएगा।

### काफी देरी से कार्य हो रहे

शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक एपीएसयू से संबद्ध नर्सिंग-पैरामेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025-26 के लिए 1 नवंबर 2025 से नियमित क्लासेस शुरू होनी थी। इसके पूर्व एपीएसयू को 1 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025 के बीच नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों को संबद्धता देनी थी और एडमिशन के लिए काउंसलिंग 1 अगस्त से 15 अक्टूबर 2025 के बीच पूरी होनी थी, हालांकि कुछ बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी के अभाव में यह संभव नहीं हो सका।

### पहले एपीएसयू के ही अंडर में था नर्सिंग

पूर्व में नर्सिंग-पैरामेडिकल की पढ़ाई से सम्बंधित कोर्स एपीएसयू द्वारा ही संचालित किए जाते थे लेकिन वर्ष 2011 में मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ ही कुछ वर्षों के अंतराल में इन्हें एमपीएमएसयू से संचालित किया जाने लगा। अब एक बार फिर इसे एपीएसयू के हवाले किया गया है।



क्षेत्राधिकार अंतर्गत जिलों में संचालित नर्सिंग महाविद्यालयों को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सत्र 2025-2026 में संबंधित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता-निरंतरता प्राप्त करने हेतु आवेदन मांगे गए हैं। अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है।
**डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार**
**कुलसचिव एपीएसयू।**

# ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अंतर्गत भजन संध्या एवं सांस्कृतिक आयोजन




**रीवा।** डीन, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर डॉ. एस. के. त्रिपाठी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. ए. के. पांडेय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय सिंह एवं रावे कार्यक्रम के प्रभारी श्री संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रा वे) कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्तर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों को संरक्षित करना, साथ ही युवाओं को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं द्वारा भक्तिमय, भावपूर्ण एवं सुरम्य भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे संपूर्ण ग्राम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से परिपूर्ण हो गया। भजन संध्या में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य करते हैं और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। ग्रामीणों द्वारा इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की गई। कार्यक्रम के आयोजन में ग्रुप लीडर वंशिका तिवारी के साथ अनुराधा, इशिका, पूर्णिमा, सिद्धिका, सुमन, महिमा, ज्योति, आंचल सहित अन्य छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। सभी छात्राओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाया और भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# पिट्ठू में सीधी बना संभाग स्तरीय चैंपियन



**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में संभाग स्तरीय पिट्ठू (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए सीधी की टीम ने संभाग स्तरीय चैंपियन का गौरव अपने नाम किया। पुरुष व महिला दोनो वर्ग में सीधी की टीम चैंपियन रही। वहीं रीवा की टीम दोनो वर्ग में उपविजेता रही व सतना को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता का आयोजन लीग पद्धति से किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.महानंद द्विवेदी, डॉ.अच्युत पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे। आयोजक सचिव डॉ.रावेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया व प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हार की परवाह न किए बिना आगे बढ़ने की बात कही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अग्रणी महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ.हबीब खान, डॉ.राजेश भारती, दिव्यगवां से डॉ.विजय सिंह, गोविंदगढ़ से डॉ.शहबाज खान, देवतालाब से डॉ.रविकांत चौधरी सहित अन्य महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। आयोजक सचिव डॉ.रावेन्द्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**महिला व पुरुष वर्ग में रहा विजेता, रीवा को उपविजेता का खिताब**

# टीआरएस कॉलेज में दो दिवसीय महोत्सव आज से

### व्यवसाय प्रशासन विभाग करेगा आयोजन




**जागरण,रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय प्रबंधन महोत्सव 'इनोवेट टू लीड' का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को किया जा रहा है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना, व्यावहारिक सोच, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव के प्रथम दिवस 7 फरवरी को महाविद्यालय के दरबार हॉल में उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश सिंह विन्ध्या टेलीकाम लिमिटेड रीवा का प्रेरणादायक उद्बोधन, विद्यार्थियों के साथ संवाद तथा अनुभव साझा करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नेतृत्व, करियर मार्गदर्शन एवं प्रबंधन के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराया जाएगा। पहले दिन के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य, गीत एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी, जिनमें व्यवसाय प्रशासन विभाग के विभिन्न विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में एक्सटेम्पोर भाषण, क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य अकादमिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्रों की बौद्धिक क्षमता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। महोत्सव के द्वितीय दिवस 8 फरवरी को इस दिन अतिथि एवं पूर्व छात्र भी विद्यार्थियों को संबोधित कर अपने अनुभव साझा करेंगे। इस दिनांक के द्वितीय सत्र में खेल गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय के महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने किया जाएगा। खेल प्रतियोगिताओं में रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, थ्री लेग रेस तथा मटकी फोड़ जैसी रोचक एवं मनोरंजक स्पर्धाएँ शामिल होंगी। व्यवसाय प्रशासन विभाग के अनुसार यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नवाचार की दिशा को प्रेरित करने का सशक्त मंच बनेगा जो विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी सुदृढ़ करेगा। महाविद्यालय प्रशासन एवं आयोजन समिति ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों से इस प्रबंधन महोत्सव में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

# नवोदय चयन परीक्षा में 696 छात्र होंगे शामिल




**जागरण, रीवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के लिए चयन परीक्षा 2026 का आयोजन 7 फरवरी यानी आज आयोजित होगी। परीक्षा के लिए जिले में मात्र एक केन्द्र ही बनाया गया है। विद्यालय में प्रवेश के लिए कक्षा नवमी में 649 और कक्षा ग्यारहवीं के लिए 57 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है। कुल 696 छात्र परीक्षा देंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा तैयारियां की जा चुकी है। बताया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के लिए चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिन छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है, वे सभी छात्र-छात्राएं नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन आज सुबह 10 बजे से 1.45 बजे तक किया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग और नवोदय विद्यालय पदमी के द्वारा कक्षा 9 वीं और कक्षा 11 वीं के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्र में सभी जरूरी इंतजाम कराए जा चुके हैं। परीक्षा आयोजित कराने के लिए सीएलओ और सीएस के नियुक्तियां भी की गई हैं ताकि परीक्षा में पारदर्शिता रहे। इसके लिए परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है जो केंद्रों में जाकर औचक निरीक्षण करेंगे।

**सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाया गया है सेंटर**

# बीएएमएस द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं की तारीखें बदलीं

**रीवा।** एमपीएमएसयू ने बीएएमएस द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए इसी माह आयोजित होने वाली बीएमएमएस सेकेंड प्रोफेशनल मेन एवं सप्लीमेंट्री और बीएएमएस सेकेंड ईयर सप्लीमेंट्री और एक्सण् परीक्षाओं के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न पत्र की तिथियों में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार द्रव्यगुण विज्ञान-1 का पेपर अब 6 मार्च को और द्रव्यगुण विज्ञान-2 का पेपर 9 मार्च को आयोजित होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि केवल उक्त दो विषयों की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, शेष समय-सारणी यथावत रहेगी। इसके साथ ही परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 7 फरवरी निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क के साथ छात्र 9 फरवरी तक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।

# 595 छात्रों के आवेदन अब तक नहीं हुए वैरीफाइड

**जागरण,रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने महाविद्यालयों में छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को तत्काल वेरीफाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने डीन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा मेडिकल कॉलेज, प्राचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन कॉलेज, आयुर्वेद महाविद्यालय, आईटीआई तथा अन्य महाविद्यालयों को छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को अविलंब वेरीफाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि महाविद्यालयों में वर्ष 2024-25 के अनुसूचित जनजाति के 465 एवं जनजाति वर्ग के 130 छात्रों के छात्रवृत्ति के आवेदन वेरीफाई न होने के कारण भुगतान के लिए लंबित हैं। जिसके कारण सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में शिकायतें की जा रही हैं और इससे विभाग एवं जिले की ग्रेडिंग भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में नोडल प्राचार्यों को पूर्व में निर्देशित किया गया था, लेकिन प्राचार्यों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में भी महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति के भुगतान न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देशित किया है कि छात्रवृत्ति और आवास सहायता के आवेदनों का शत-प्रतिशत वेरीफाई करना सुनिश्चित करें। प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित नोडल व प्राचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# एसआईआर कार्य में लगे शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से रहेगी छूट

### कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जारी किए निर्देश

**जागरण,रीवा।** फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से छूट दी गई है। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को जारी कर दिए हैं। कलेक्टर ने डीईओ को जारी निर्देश में कहा है कि एसआईआर की कार्यवाही में नियुक्त लोकसेवकों को ई-अटेंडेंस से छूट प्रदान करते हुए उनका नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्रों में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही प्रचलित है। इस कार्य को बीएलओ और सहायक बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर कराया जा रहा है और बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा उनके कार्यों की मानीटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय, विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों तथा अन्य विभागों के कर्मचारी भी निर्वाचन कार्य के लिए संबद्ध किए गए हैं। इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग के अधिकांश लोकसेवकों को बीएलओ, सहायक बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर बनाया गया है। कर्मचारियों द्वारा इस कार्य को फील्ड में अथवा निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर संपन्न करना है। जिसके कारण शिक्षा विभाग के लोकसेवकों द्वारा उक्त कार्य के साथ-साथ अपने मूल संस्था में उपस्थित होकर ई-अटेंडेंस लगाना संभव नहीं है। जिसके कारण कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के लोकसेवकों को ई-अटेंडेंस में छूट देने और उनका नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।


MP BIRLA GROUP

## विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1983PLC002134
Telephone No: 07662-400400, Fax No: 07662-400591
Email: headoffice@vtlrewa.com; Website: www.vtlrewa.com

**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही एवं नौमाही अवधि के अनांकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | नौमाही अवधि | | वार्षिक अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 30.09.2025 (अनांकेक्षित) | 31.12.2024 (अनांकेक्षित) | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 31.12.2024 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 71655.98 | 95983.16 | 103712.27 | 258391.12 | 282318.56 | 405440.17 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (93.64) | 7657.23 | 5189.34 | 15416.19 | 12147.94 | 26963.94 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (93.64) | 7657.23 | 5189.34 | 15416.19 | 12147.94 | 26963.94 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (103.91) | 5912.31 | 3909.32 | 11670.50 | 9289.99 | 20284.32 |
| 5 | समयाअवधि के लिए कुल विस्तृत आय [ समयाअवधि के लिए (कर पश्चात) सम्मलित लाभ/ (हानि) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) ] | (2693.25) | (782.43) | (3468.95) | 15471.21 | 14588.66 | 13051.71 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | | | 383409.65 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | (0.88) | 49.89 | 32.99 | 98.48 | 78.39 | 171.16 |

कम्पनी की अनांकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | नौमाही अवधि | | वार्षिक अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 30.09.2025 (अनांकेक्षित) | 31.12.2024 (अनांकेक्षित) | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 31.12.2024 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 71055.21 | 94910.35 | 103712.27 | 256126.56 | 282318.56 | 405383.41 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ/ (हानि) | (2595.33) | 4001.25 | 3562.27 | 4229.75 | 10066.79 | 15195.88 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ/ (हानि) | (1966.49) | 3170.70 | 2691.76 | 3294.12 | 7732.63 | 11547.60 |
| 4 | समयाअवधि के लिए कुल विस्तृत आय [ समयाअवधि के लिए (कर पश्चात) सम्मलित लाभ/ (हानि) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) ] | (2895.18) | 2095.84 | 683.59 | 3670.05 | 6886.81 | 7002.25 |

टिप्पणी: उपरोक्त विवरण कम्पनी के 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं नौमाही अवधि के अनांकेक्षित समेकित एवं एकांगी वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। उपरोक्त तिमाही एवं नौमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.vtlrewa.com पर भी उपलब्ध है।दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके भी इस पर पहुंचा जा सकता है।

कृते विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094

दिनांक : 06 फ़रवरी, 2026
स्थान : नई दिल्ली

# अनुपस्थित उपयंत्रियों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

## कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरण, रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में रीवा नगर निगम एवं जिला अन्तर्गत समस्त नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों तथा योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में पूर्व से स्वीकृत विभिन्न मदों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से गुणवत्ता सहित पूर्ण कराएं तथा नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों में तत्काल कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पूर्व के स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास शहरी कार्यों को पूर्ण कराएं। जिन हितग्राहियों को योजनान्तर्गत राशि प्रदाय की जा चुकी है उनसे कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने प्रधानमंत्री 2.0 अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को गति देने के निर्देश दिए तथा कहा कि जिन हितग्राहियों के कार्य की किश्तें दी जा रही हैं उन्हें तथा पूर्ण कार्यों को पोर्टल में सूचीबद्ध करें। साथ ही जिन हितग्राहियों के आवेदन पत्र अस्वीकृत हुए हैं उनकी समस्त जानकारी भी दर्ज करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि नगरीय निकायों के आय का मुख्य स्त्रोत विभिन्न करों से प्राप्त होता है। इसलिए अभियान चलाकर संपत्ति कर की वसूली चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व अनिवार्यतः करें। साथ ही उपभोक्तओं से जल कर की राशि की वसूली की जाए। बैठक में पीएम स्वनिधि योजना, गीता भवन निर्माण, स्वच्छ पेयजल वितरण, नगरीय निकायों में अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई दुरूस्त रखने के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय निर्माण सहित अन्य योजनाओं की निकायवार समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे तथा नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी से लाया गया 5 सौ लीटर फ्यूल जप्त

## चाकघाट पुलिस ने की कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** यूपी में डीजल पट्रोल की कीमत एमपी की अपेक्षा कम है, रीवा जिले की सीमा से उत्तर प्रदेश की सीमा लगी हुई है। कई लोग सीमा पार से बड़े पैमाने पर डीजल पेट्रोल यूपी से लाकर एमपी में बेचते हैं। सीमावर्ती इलाके में पुलिस ने बीते दिन ताबड़तोड़ कार्रवाई की शुरुआत की। पुलिस ने एक मुहिम की शुरुआत की जिसमें मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा में अवैध रूप से धंधा करने वालों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की गई। पुलिस ने उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश की ओर ले जाते हुए लगभग 500 लीटर डीजल और पेट्रोल पकड़ा है। इसके साथ ही सीमावर्ती इलाके में उन दुकानों पर छापेमारी कार्यवाही की गई जहां पर बड़े-बड़े गैलन से ले कर छोटे-छोटे बोतल में पेट्रोल और डीजल का अवैध धंधा चल रहा था और सभी के ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध रूप से बिक रहे पेट्रोल डीजल पर कार्यवाही की। चाकघाट थाना पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पेट्रोल और डीजल के दामों में काफी अंतर है मध्य प्रदेश में जो पेट्रोल 108 रुपए बिकता है तो वही उत्तर प्रदेश में 96 रुपए में बिकता है और डीजल का दाम मध्य प्रदेश में 96 रुपए है तो उत्तर प्रदेश में 89 रुपए में बिकता है। कालाबाजारी करने वाले लोग उत्तर प्रदेश की सीमा में जाकर पेट्रोल और डीजल सस्ते दामों में लाते हैं और यहां मध्य प्रदेश में खुले तौर पर बेचा जा रहा था। जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## मोहित मिश्रा संभागीय महासचिव मनोनीत

**रीवा।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन नई दिल्ली के प्रदेश प्रभारी चंद्रकला विश्वकर्मा की संस्तुति पर मोहित मिश्रा को संभागीय महासचिव रीवा संभाग पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ अजय चौधरी ने बधाई एवं संगठन को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। राजेंद्र विश्वकर्मा, डॉ रजनीश कांत मिश्रा, पी एल वर्मा,रामेश्वर प्रसाद पांडे,सुधाकर पांडे, राकेश मौर्य,डॉ सुरेश प्रसाद मिश्रा, पारस शुक्ला, नंदलाल राठी, प्रवीण गुप्ता, लवकुश गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, राजेश भल्ला, संजय शर्मा,संजय श्रीवास्तव, हनी उप्पल, मिथिलेश मिश्रा, अनुराग भल्ला,डॉ सृष्टि गौतम, आराधना शुक्ला, मनोरमा श्रीवास्तव, श्रद्धा गौतम एवं मानवाधिकार परिवार में खुशी की लहर है। संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूत करने एवं मानवाधिकार जागरूकता के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# मतदाता सूची से नाम काटने को विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के रायपुर कर्चुलियान, गोरगांव 165, गोरगांव 164, बरहदी एवं जोगिनहाई आदि गांव के लोग शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और फार्म न के माध्यम से मतदाता सूची नाम काटे जाने को लेकर विरोध दर्ज कराया और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मतदाताओं के काटे गए नाम जोड़े जाने की मांग की गई है। ज्ञापन मे कहा गया कि गुढ़ विधानसभा के हर गांव से सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। ज्ञापन के साथ एक सूची भी सौंपी गई है, जिसमे लगभग 19 मतदाताओं के नाम अंकित कर यह बताया गया है कि इनके नाम काटे गए हैं। जो सूची सौंपी गई है उसमे मोमिना, निजामुद्दीन, बकरीदुननिशा, अफसाना बानो, मैमुन निशा, जमीरा बानो, मासूम, मो.शरीफ, रजिया बेगम, गुलशेर, शहाबुद्दीन, मो.बेहना, शमशेर अहमद, शहीदुद्दीन, अफसाना खातून, मोमना एवं कुतुबुद्दीन शामिल हैं।

# दादी माँ ईश्वर की वह पालना जो घर-घर में संस्कार बोती हैं

## ब्रह्मा कुमारीज में दादी माँ सम्मान समारोह



**जागरण, रीवा।** भारतीय संस्कृति में दादी माँ केवल परिवार की बुजुर्ग नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली जीवंत कड़ी होती हैं। इसी भावना को साकार करते हुए ब्रह्मा कुमारीज़ शांति धाम झिरिया में शुक्रवार को 'दादी माँ सम्मान समारोह' का भावनात्मक एवं आध्यात्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्णिमा मिश्रा (जिला पंचायत सदस्य) ने अपने संबोधन में कहा कि जिस समाज में दादी माँ सम्मानित रहती हैं, वहाँ संस्कार स्वतः सुरक्षित रहते हैं। यह आयोजन विशेष रूप से उन दादी माँ स्वरूप मातृशक्तियों को समर्पित था, जिन्होंने अपने मौन त्याग, स्नेह और अनुभव से परिवारों को सँवारा, बच्चों को दिशा दी और समाज को स्थिरता प्रदान की। राजयोगिनी बीके निर्मला बहन (भोपाल जोन डायरेक्टर) ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि दादी माँ ईश्वर की वह पालना हैं, जो घर-घर में संस्कार बोती हैं। उनके पास बैठना ही एक प्रकार का ध्यान है। उन्होंने अपने बचपन की स्मृतियाँ साझा करते हुए बताया कि कैसे दादी माँ का अनुशासन, स्नेह और मौन शक्ति जीवन को स्थिर और सशक्त बनाती हैं। उन्होंने दादी माँ के साथ बिताए पलों को 'ईश्वरीय पालना का प्रत्यक्ष अनुभव' बताया। इस अवसर पर समाज के विविध क्षेत्रों से मातृशक्तियों और विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही। संचालन बीके प्रकाश भाई द्वारा किया गया। समापन, आभार और संकल्प समापन अवसर पर विश्वप्रिय दीपक भाई ने सभी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। सभी उपस्थितजनों ने नशा मुक्ति तथा दादी माँ सम्मान एवं संरक्षण की विधिवत सामूहिक प्रतिज्ञा ली।

# अतिरिक्त प्रबंध संचालक ने किया सीवरेज एवं विकास परियोजनाओं का निरीक्षण



**जागरण, चित्रकूट।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा चित्रकूट नगर में सीवरेज परियोजना एवं एकीकृत नगर विकास परियोजना (आईयूडीपी) के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं। इन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु कंपनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह द्वारा चित्रकूट सीवरेज परियोजना एवं आईयूडीपी के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त प्रबंध संचालक द्वारा संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) एवं इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन (आईपीएस) का निरीक्षण कराते हुए अतिरिक्त प्रबंध संचालक को तकनीकी पहलुओं तथा चल रहे सीवर कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त मल्टी फैसिलिटी सेंटर सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी, परिक्रमा मार्ग के प्राचीन द्वार क्षेत्र तथा रामायण एक्सपीरियंस पार्क से संबंधित विकास कार्यों की जानकारी से भी अतिरिक्त प्रबंध संचालक को अवगत कराया गया। निरीक्षण के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति को गति देने एवं चित्रकूट के समग्र नगरीय विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# पहड़िया प्लांट में उत्तर प्रदेश से आ रहे कचरे के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** रेमकी कंपनी द्वारा संचालित रीवा एमएसडब्ल्यू पहड़िया कचरा प्लांट में उत्तर प्रदेश से आ रहे कचरे के विरोध में कलेक्टर को शुक्रवार को फिर ज्ञापन सौंपा गया है। समाजसेवी अभिषेक तिवारी द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में पहड़िया कचरा प्लांट में उत्तर प्रदेश से आ रहे अवैध कचरे पर तत्काल रोक लगाने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया गया है कि रेमकी कंपनी द्वारा संचालित रीवा एमएसडब्ल्यू पहड़िया कचरा प्लांट में बीते कई महीनों से लगातार गंभीर अनियमितताएँ की जा रही हैं। जिला प्रशासन ओर से तथा नगर निगम कमिश्नर द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे कि उत्तर प्रदेश से आने वाला आरडीएफ अथवा कोई भी बाहरी कचरा मध्य प्रदेश के पहाडिया कचरा प्लाट में नहीं लाया जाएगा। इसके बावजूद कंपनी द्वारा लगातार नियमों, दिशानिर्देशों और प्रशासनिक आदेशों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। रोजाना बाहरी राज्य की गाड़ियाँ आरडीएफ लेकर प्लांट में प्रवेश कर रही हैं। ग्रामीणों की ओर से बार-बार आपत्ति और विरोध जताए जाने के बाद भी न तो प्लांट प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की रोक लगाई गई, न ही प्रशासनिक अधिकारियों या स्थानीय पुलिस द्वारा सहयोग दिया गया। इसके कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है और ग्रामीणों से भरी आक्रोश है। आपने स्वयं कहा है कि अगर 28 यूएलबी के बाहर का कचरा पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई होगी, परंतु आज तक कंपनी पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि बाहरी (उत्तर प्रदेश) से आने वाले आरडीएफ व अवैध कचरे पर तत्काल रोक लगाई जाए। पहड़िया कचरा प्लांट की स्वतंत्र, निष्पक्ष जांच कराई जाए। ग्रामीणों को सहयोग देने एवं उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराए जाएं। गांव के लोगों को बाहरी अवैध आरडीएफ ट्रकों को रोकने हेतु प्रशासनिक अनुमति व सुरक्षा संरक्षण प्रदान किया।

# 10 से 24 फरवरी तक चलेगा सामूहित दवा सेवन अभियान

**जागरण,रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना में 10 से 24 फरवरी तक विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान ब्लॉक के समस्त लक्षित पात्र जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवाओं की एक खुराक का सेवन कराया जाएगा। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति वृद्ध अथवा गंभीर बीमारी वाले व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं कराया जाएगा। अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि दवाओं का सेवन प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा कराया जाएगा। फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला एक परजीवी रोग है। इस बीमारी का कोई कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम ही इसका समाधान है। इसके लक्षण (पैरों या अंगों में सूजन) संक्रमण के कई सालों बाद दिखाई देते हैं। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान 10 और 13 फरवरी को चिन्हित बूथों पर एवं 14 से 24 फरवरी तक घर-घर जाकर समस्त लक्षित जनसमुदाय को दवा का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान के संबंध में सौंपे गए दायित्वों को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**समिति की बैठक 9 फरवरी को :** जिले के हनुमना विकासखंड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला टास्कफोर्स समिति की बैठक कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं। इसी के संबंध में जिला स्तरीय एडवोकेसी बैठक आज जिला अस्पताल के सभागार में समय 11 बजे से आयोजित की जाएगी।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन आज से

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

# मानस भवन में 'सत्संग' पर संगोष्ठी 8 फरवरी को

**रीवा।** मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मानस मंडल का गठन रामचरितमानस के पठन-पाठन एवं प्रचार प्रसार के लिए किया गया है। नगर के लोग रामचरितमानस के प्रति आस्थावान हैं, राम कथा के श्रवण मनन एवं चिंतन में अपनी रुचि रखते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए मानस मंडल द्वारा संगोष्ठी का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। संगोष्ठी में विद्वतजन पधार कर अपने भावों से हम सभी को अभिसिंचित करने आमंत्रित हैं, साथ ही सत्संग के प्रेमी जन भी आमंत्रित हैं। इनके अनुभव एवं विचार मानस मंडल से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका में भी प्रकाशित किया जाएगा। प्रथम संगोष्ठी 8 फरवरी रविवार को अपरान्ह 3:30 से शाम 5 बजे तक 'सत्संग' विषय पर रखी गई है। मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने बताया कि जिज्ञासुजनों की इच्छा पूर्ति हेतु यह आयोजन महत्वपूर्ण है, अतः समस्त धर्मप्रेमी जनमानस आमंत्रित हैं।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**किराये पर देना है**

मार्तण्ड काम्प्लेक्स द्वितीय मंजिल पर 10000 स्क्वायर फीट देना है। सम्पर्क करें- 8878054456, 9424375655

RN-83323(7/2)

**राम श्याम वर वधु केन्द्र**

डायरेक्टर-अम्ब्रीश उपाध्याय

मोबा. 7021777625, 9987606771 हमारे यहाँ सभी प्रकार के रिश्ते कराये जाते हैं-तलाकसुदा, विधुर, सर्विसमेन, बिजनेसमेन, गर्वमेन्ट, एम्प्लायी, मांगलिक, नॉन मांगलिक, कुण्डली मिला के करवाये जाते हैं। पता-वार्ड नं. 4, निर्मल नगर के सामने, मंगलम् मैरिज गार्डन के बगल में चोरहटा रीवा (म.प्र.) 486006

RN-83161(28/2)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-33-2025-26 Date : 04.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं. :** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-33-2025-26

**कार्य का विवरण : विद्युत/सामान्य कार्य :** झांसी के डीआरएम कार्यालय भवन और नए नियंत्रण भवन में काइनेटिक कलर फेकेड लाइटिंग की व्यवस्था के लिए विद्युत/जी कार्य।

**निविदा राशि :** रू. 80,57,122/- मात्र | **बयाना राशि :** रू. 1,61,200/- मात्र

**कार्य समापन अवधि :** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथि :** 27/02/2026 (15:00 बजे तक)

निविदाकार निविदा दिनांक 27/02/2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें।

263/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं0 - JHS/Comm/e-Auction/26/141 दिनांक - 04.02.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी - पार्सल | केटलोग संख्या : JHS-LEASING

एसेट्स डिटेल्स

| | |
|---|---|
| 01- ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर-एफ-। & एफ-।। | 05- ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर-एफ-। |
| 02- ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर-एफ-। | 06- ट्रेन संख्या-11107 में 02 एसएलआर-आर-। & एफ-। |
| 03- ट्रेन संख्या-12279 में 01 एसएलआर-एफ-। | 07- ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर-एफ-। |
| 04- ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर-एफ-। | 08- ट्रेन संख्या-11086 में 01 एसएलआर-एफ-। |

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांकः-19.02.2026 को समयः - 11:00 से

ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांकः-19.02.2026 को समयः - 13:00 तक

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है।

260/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान**
JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA, धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
वेबसाइट / Website : www.jipmer.edu.in दूरभाष / Phone : 0413-2296022

**सं.जिप-प्रशा/I/डीईपी./1(32)/केकेएल/2026** **दिनांक: 07.02.2026**

जिपमेर (कारैक्काल परिसर) के लिए डीन (अकादमिक) (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार स्तर-14) के एक पद को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा/संविदा (सेवा-निवृत्त व्यक्तियों के लिए) के आधार पर भरने के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्थानों/विश्वविद्यालयो/अनुसंधान संस्थानों के पात्र सेवारत अधिकारियों या सेवानिवृत्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन का प्रारूप और वेतनमान, आयु, योग्यता, अनुभव और पात्रता की अन्य शर्तें आदि से संबंधित जानकारी **www.jipmer.edu.in** पर उपलब्ध है।

भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तारीख 23.03.2026 (सोमवार)** को शाम **4.30** बजे तक है।

**निदेशक**

**आम सूचना**

रीवा दिनांक 07.02.2026 अनिल राजपाल पिता श्री शुखीराम राजपाल निवासी गली नं 1 सिंधी कालोनी रानी तालाब तहसील हुजूर (नगर) जिला रीवा म.प्र. दिनांक 28.01.2026 को शिल्पी प्लाजा काम के सिलसिले मे अग्रवाल लाइट ताला हाउस रोड गया था, उसी दौरान मैने अपनी मोटर सायकिल मे झोला टांका था जिसमे तीन मूल विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) जिसका क्रमांक MP328492019A1121370 दिनांक 21.02.2019, MP328492021A1567177 दिनांक 13.07.2021, MP328492022A1897266 दिनांक 01.09.2022 जो मुझे व मेरी पत्नी को रजिस्ट्री कराते समय प्राप्त हुई थी, जिसका आराजी खसरा कमांक-246/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 0.032 हे0 यानी 57×61=3477 वर्गफिट स्थित ग्राम मढ़ी पटवारी हल्का अटरिया तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. मे स्थित है, इस संबंध मे दिनांक 03/02/2026 को पुलिस थाना सिविल लाइन मे घटना की शिकायत की थी, अब प्रार्थी अपना उक्त मकान बेचना चाहता है जिसके लिए खरीददार भारतीय स्टेट बैंक शाखा दीप काम्पलेक्स ब्रांच कोड-30251 से ऋण लेना चाहता है अगर किसी भी आम जन वित्तीय संस्था या किसी बैंक को कोई भी आपत्ति हो तो भारतीय स्टेट बैंक शाखा दीप काम्पलेक्स ब्रांच कोड-30251 मे उपस्थित होकर 15 दिवस के अंदर आपत्ति करायी जा सकती है तथा सिविल लाइन रीवा जिला रीवा म.प्र. मे भी आपत्ति करायी जा सकती है।

सूचनादाता
अमित कुमार सिंह (एडवोकेट)
चौम्बर नं-262 बार बिल्डिंग द्वितीय तल
जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा (म.प्र.)

RN-83756

**Public Notice**

Rewa, dated 07/02/2026. Anil Rajpal, son of Shri Sukhram Rajpal, resident of Lane No. 1, Sindhi Colony, Rani Talab, Huzoor Tehsil (City), Rewa District, Madhya Pradesh, had gone to Shilpi Plaza on 28/01/2026 for work at Agarwal Light and Lock House Road. During this time, I had a bag attached to my motorcycle containing three original sale deeds (registries) with registration numbers MP328492019A1121370 dated 21/02/2019, MP328492021A1567177 dated 13/07/2021, and MP328492022A1897266 dated 01/09/2022, which I and my wife received at the time of registration. The property is located at Khasra number 246/1/1/1/1/1/1/1/1, area 0.032 hectares (57 x 61= 3477 square feet), in village Madhi, Patwari Circle Atariya, Huzoor Tehsil, Rewa District, Madhya Pradesh. A complaint regarding this incident was filed at Civil Line Police Station on 03/02/2026. Now, the applicant wishes to sell the said property, and the buyer intends to obtain a loan from State Bank of India, Deep Complex Branch, Branch Code-30251. If any member of the public, financial institution, or bank has any objection, they may register their objection within 15 days at State Bank of India, Deep Complex Branch, Branch Code-30251, or at Civil Line, Rewa, District Rewa (M.P.)

**Information Provider**
**Amit Kumar Singh, Advocate,**
**Chamber No. 262, Bar Building,Second Floor,**
**District and Sessions Court, Rewa (M.P.)**

RN-83756

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल**
**जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)**

PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in
क्रमांका/एन0आई0टी0/ई-टेण्डर/2026/947 शहडोल दिनॉक 30.01.2026

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के तहत् सामग्री निम्नानुसार क्रय करने हेत https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण निम्नानुसार है :-

| S. No. | निविदा क्रमांक | Product | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | 2026_MPFD_479402_1 | Wild Life Camera Trap | आवश्यकतानुसार |
| 2 | | Wild Life Camera Trap GSM MODE | आवश्यकतानुसार |
| 3 | 2026_MPFD_479414_1 | नाईट विजन थर्मल ड्रोन | आवश्यकतानुसार |
| 4 | 2026_MPFD_479417_1 | Polycarbonate Police lathi | आवश्यकतानुसार |
| 5 | | Shield | आवश्यकतानुसार |
| 6 | | SMART STICK | आवश्यकतानुसार |
| 7 | | Full Body Protector | आवश्यकतानुसार |
| 8 | 2026_MPFD_479419_1 | Capture and Translocation Cage (Tiger Trap Cage) | आवश्यकतानुसार |
| 9 | | Folding Ladder | आवश्यकतानुसार |
| 10 | | Heavy duty Animal Rescue Net | आवश्यकतानुसार |
| 11 | | Folding Stracher | आवश्यकतानुसार |
| 12 | | Safety Belt Chair (Harness) | आवश्यकतानुसार |
| 13 | | Heavy Duty Cutter | आवश्यकतानुसार |
| 14 | | Heavy Duty Belt Set | आवश्यकतानुसार |
| 15 | | Nylon Rope | आवश्यकतानुसार |
| 16 | | Caramental Rope | आवश्यकतानुसार |
| 17 | | Snare Pole Set | आवश्यकतानुसार |
| 18 | | Animal Bite Resistant Gloves | आवश्यकतानुसार |
| 19 | | Snake Rescue Kit | आवश्यकतानुसार |
| 20 | 2026_MPFD_479421_1 | Tourch (Branded) | आवश्यकतानुसार |
| 21 | | Net Gun Rechargable | आवश्यकतानुसार |
| 22 | | Night Vision Binocular | आवश्यकतानुसार |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 02.02.2026 Time 10:30 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 02.02.2026 Time 10:30 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date 06.02.2026 Time 10:30 AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 02.02.2026 Time 10:30 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 11.02.2026 Time 01:00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 12.02.2026 Time 02:00 PM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

(श्रद्धा पन्द्रे)
वन मण्डलाधिकारी
दक्षिण शहडोल वनमण्डल

D-25426/25

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-23/सीवरेज/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 06.02.2026

**//सार्वजनिक उद्घोषणा//**

नगर निगम रीवा द्वारा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत सीवरेज परियोजना हेतु सीवरेज इंटरमीडिएट मीडियट पम्पिंग स्टेशन के निर्माण के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवदेन दिया गया है इसके लिए ग्राम निपनिया पटवारी हल्का निपनिया तहसील हुजूर नगर की शासकीय आराजी नंम्बर 321 रकवा 0.4050 हेक्टेयर में अंश रकवा 0.0289 हेक्टेयर का आवंटन किया जाना है। इन भूमियों के आवंटन में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आगामी 15 दिवस के अन्दर तक हुजूर नगर न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि तक आपत्तियाँ प्राप्त न होने पर इन भूमियों के आवंटन संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

कार्यपालन यंत्री (सीवरेज)
(अमृत -2.0)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन वृद्धावस्था संरक्षण और असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा में मील का पत्थर : एस.पी. सिंह बघेल




## पशुपालन और पशु कल्याण जागरुकता माह पर हुआ वर्चुअल कार्यक्रम

**आंचलिक डेस्क।** पशुपालन और पशु कल्याण जागरुकता माह के अवसर पर वर्चुअल जागरुकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण त्योंथर ब्लॉक अंतर्गत रजहा ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। सीएससी संचालक पुष्पराज यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं किसानो ने सहभागिता किया और सजीव प्रसारण देखा। वर्चुअल (आभासी) जागरुकता कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल माध्यम से पशु कल्याण और उत्पादकता बढ़ाना है। कॉमन सर्विस सेंटर्स के माध्यम से किसान और पशुपालक वर्चुअली जुड़े, जहां उन्हें पशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के तरीके बताए गए। सीएससी एवं श्रम रोजगार मंत्रालय के संयुक्त तत्वधान में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में श्रम मंत्रालय अधिकारी डॉ लहरी के एन एवं रविंद्र सनमनि द्वारा मानधन योजना के बारें में बताया की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन वृद्धावस्था संरक्षण और असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए एक सरकारी योजना है। 18 से 40 वर्ष के बीच असंगठित श्रमिकों के लिए 3000 रुपये माह रुपये की सुनिश्चित स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है।जिला प्रबंधक सीएससी रवि शंकर मिश्रा ने बताया की योजना का पंजीकरण सीएससी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है द्य पंजीयन हेतु आधार कार्ड एवं बैंक खाता होना अनिवार्य है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच रघुनाथ, पंचायत सचिव बब्बू प्रसाद यादव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन आज से

**मऊगंज ब्यूरो।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैनने बताया कि मऊगंज जिले में गेहूं उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान



50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि 7 मार्च से पूर्व पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त करें।

## ज्ञानोदय शिशु हाई स्कूल छोटी बराती में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 7 फरवरी को

**नईगढ़ी, निप्र ।** विकासखंड मऊगंज अंतर्गत ज्ञानोदय शिशु हाई स्कूल छोटी बराती में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन (रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार 7 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं अगस्त क्रांति मंच फाउंडेशन के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी होंगे, जबकि अध्यक्षता सेवा निवृत्त डीएसपी एवं किसान कांग्रेस के महासचिव रामबहादुर शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य महेश प्रसाद द्विवेदी (देवधारा हायर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर), उमेश मिश्रा (देव भूमि हायर सेकेंडरी स्कूल, भुड़री देवतालाब) तथा प्रमोद सिंह रघुवंशी (सहायक सचिव, मऊगंज) शामिल होंगे। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# अमेरिकी ट्रेड डील से किसान और आम जन नागरिक पर संकट : इंजी दीपक सिंह



**आचंलिक डेस्क।** अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते और ऊर्जा बाज़ार में संभावित बदलावों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता इंजीनियर दीपक सिंह ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी ट्रेड डील के प्रभाव से रूसी तेल की आपूर्ति बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ बढ़ोतरी हो सकती है। अनुमान है कि यदि भारत अमेरिका से तेल आयात करेगा तो तेल की कीमतें 10 से 12 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर आम जन नागरिक पर पड़ेगा और भारतीयों को 70 हजार करोड़ अतरिक्त भार सीधे जनता पर बढ़ेगा, और महंगाई का भार को जनता को उठाना पड़ेगा। इंजीनियर दीपक सिंह ने कहा कि तेल की कीमत बढ़ने से परिवहन, खाद, सिंचाई और कृषि मशीनरी का खर्च बढ़ेगा, जिससे किसानों की लागत में भारी इज़ाफा होगा। पहले से लागत और मौसम की मार झेल रहे किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक संकटपूर्ण बन सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका द्वारा अपने निर्यात पर कृषि क्षेत्र में शून्य प्रतिशत टैक्स (जीरो परसेंट टैक्स) जैसी नीतियां लागू किए जाने से वैश्विक कृषि बाज़ार में प्रतिस्पर्धा असंतुलित हो सकती है। यदि सस्ते कृषि उत्पाद बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में आते हैं, तो भारतीय किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलना मुश्किल हो सकता है। इंजीनियर दीपक सिंह ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस संभावित वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए विशेष सुरक्षा पैकेज, इनपुट लागत पर सब्सिडी और न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने जैसे ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आर्थिक स्थिरता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि यदि समय रहते नीतिगत निर्णय नहीं लिए गए, तो इसका व्यापक असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आम उपभोक्ता दोनों पर पड़ेगा।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का उद्देश्य गाँवों के विकास से प्रदेश का समग्र उत्थान करना : ब्रह्मदत्त शुक्ला

**नईगढ़ी, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमना में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक एवं जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार के मार्गदर्शन तथा विकासखंड समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को गति देना, जनभागीदारी को सशक्त बनाना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष गोविन्द नारायण तिवारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जनपद पंचायत हनुमना की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव एवं नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में जन अभियान परिषद सेक्टर हनुमना अंतर्गत नवांकुर संस्था काशी प्रसाद वेल्फेयर सोसायटी के प्रमुख ब्रह्मदत्त शुक्ला ने अभियान की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य गाँवों के विकास के माध्यम से प्रदेश का समग्र उत्थान करना है। यह अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती से गणतंत्र दिवस तक ग्राम विकास पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य अर्जुन प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आजीविका और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में सामूहिक प्रयासों से ही सतत ग्रामीण विकास संभव है। उन्होंने जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम एवं नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, आम नागरिकों सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं एवं परामर्शदाताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान को जन-जन तक पहुँचाने तथा नशामुक्ति के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। विशेष अतिथियों में नगर परिषद मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरुण त्यागी, विकासखंड शिक्षाधिकारी देवेंद्र मिश्रा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना के प्राचार्य अर्जुन प्रसाद उपाध्याय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ तिवारी, उपयंत्री अनिल मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र मिश्रा एवं संविदाकार कृष्ण मुरारी गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## न्यूज कार्नर

### टूर्नामेंट का फाइनल 8 फरवरी को

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना हायर सेकेंडरी ग्राउंड में 29 दिसंबर से प्रारंभ हुए स्वर्गीय हरिनारायण गुप्ता स्मृति टूर्नामेंट का समापन 8 फरवरी को रविवार के दिन किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के संयोजक पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के द्वारा प्रथम विजेता को रु 25000 एवं द्वितीय विजेता को रु 15000 का इनाम प्रेषित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के आयोजक टीसीसी क्रिकेट ग्रुप हनुमना ने नगरीय एवं ग्रामीण सभी क्रिकेट दर्शकों से अपील है कि 8 फरवरी दिन रविवार को हायर सेकेंडरी खेल मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें।

### जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

**मऊगंज ब्यूरो।** जिले में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति गठित की गयी है। समिति के संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर होंगे। सदस्य के तौर पर समिति में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी/सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सहायक परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी को शामिल किया गया है।

### चार आदतन अपराधियों को किया गया जिला बदर

**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने चार आदतन अपराधियों को जिला बदर किये जाने का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन पर सोनू उर्फ अनुज मिश्रा निवासी पहरखा, आशुतोष सिंह उर्फ ईसू सिंह निवासी करह, अखिलेश तिवारी निवासी शिवराजपुर एवं विकटबहादुर सिंह निवासी पथरौड़ाकला को एक वर्ष की अवधि के लिए मऊगंज जिले एवं उसे लगे सीमावर्ती जिले रीवा एवं सीधी जिले की सीमा से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा दिया गया है।

### निजी चिकित्सालय व क्लीनिक का वैध पंजीयन अनिवार्य

**मऊगंज ब्यूरो।** बिना वैध पंजीयन के संचालित होने वाली क्लीनिक व निजी चिकित्सालय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यज्ञेश त्रिपाठी ने मऊगंज जिले के सभी क्लीनिक संचालकों, निजी चिकित्सालयों, परामर्श केन्द्र औषधालय, प्रयोगशाला एवं नर्सिंग होम के संचालकों को निर्देश दिये हैं कि आगामी 15 दिवस में वैध पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। समय सीमा के अंदर पंजीयन न होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### अतरैला बगरिहा बरगड़ पहुंच मार्ग को नेशनल हाइवे में जोड़ने सरपंच बड़ाछ ने सांसद को लिखा पत्र

**जवा ब्यूरो।** रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के तराई आंचल के अतरैला से बगरिहा बरगड़ सड़क मार्ग को नेशनल हाइवे सड़क में जुड़वाने को लेकर सरपंच बड़ाछ प्रदीप कुमार सिंह दीपू, चंपागढ़ सरपंच इतवारिया देवी, अंदवा सरपंच आलोक सिंह, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सांसद को पत्र लिखा है। वही आपको बता दें कि वर्तमान में अतरैला रामबाग बागरिहा बरगड़ सड़क मार्ग जो प्रधानमंत्री सड़क और पीडब्लूडी की सड़क है जिसमें रात दिन बड़े भार वाले वाहन दिन रात गुजरते हैं जिससे सड़क की हालत भी एक दम जर्जर हो चुकी है वही यह सड़क यहां के लोगों को उत्तरप्रदेश की सीमा प्रयागराज और चित्रकूट को जोड़ती हैं जिसकी अनुमानित दूरी 20 किलो मीटर है सिंगल रोड होने के कारण आए दिन दुर्घटना की स्थित बनी रहती है ।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप

**मनिकवार, नि.प्र.।** जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनीष प्रताप सिंह ने आरोप लगाते हुए संवाददाता को बताया कि है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों की नियुक्ति में दलाल 1 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं और कहते हैं कि पैसे के बिना नियुक्ति नहीं हो पाएगी। मनीष प्रताप सिंह ने जांच की मांग की है, जिससे फर्जीवाड़ा उजागर हो सके। उन्होंने कहा कि अगर सही तरीके से जांच की जाए तो बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा निकल कर सामने आ सकता है और बहुत से अधिकारी फंसते हुए नजर आएंगे। दलालों ने जनपद से लेकर गांव में संपर्क बनाना चालू कर दिया है और नियुक्ति के लिए एक-एक लाख रुपए की मांग की जा रही है। सबसे आश्चर्य की बात ये है कि इन दलालों को कैसे पता चल जाता है कि कौन से व्यक्ति का चयन मेरिट लिस्ट में है और उसी आदमी से पैसे की डिमांड की जाती है।

# चिल्ड्रेन एकेडमी हाई स्कूल जवा में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन




**जवा ब्यूरो।** चिल्ड्रन एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल जवा एवं एक्सीलेंस चिल्ड्रन अकेडमी स्कूल गढ़ी रोड जवा में छात्र छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इस पार्टी का आयोजन किया, जिसमें समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। पार्टी की शुरुआत कक्षा 12 के छात्रों का स्वागत और शिक्षकों का सम्मान करने से हुई। छात्रों ने अपने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों की देखरेख में आयोजित इस फेयरवेल पार्टी में छात्रों ने अपने भावनाओं को खुलकर व्यक्त किया।

## शिक्षकों का आशीर्वाद और प्यार हमेशा आपके साथ रहेगा

आपने आज जो सीखा है वह आपके भविष्य की नींव है, इसे मजबूत बनाएं और आगे बढ़ें। उक्त अवसर पर विद्यालय के संचालक इंजी. विकास सिंह बघेल ,प्राचार्य सुप्रिया सिंह, प्रधानाध्यापक कल्पना सिंह, शिक्षक शानू सिंह, दीपांजलि तिवारी, जय शंकर सिंह, मुकेश सिंह, सोनम तिवारी, आँचल जायसवाल, गोपिका तिवारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं शिक्षक उपस्थित रहे।

# दो वर्ष से सीमांकन के लिए दर-दर भटक रहा किसान

## कलेक्टर रीवा से लगाई सीमांकन कराये जाने की गुहार



**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील अंतर्गत आर आई सर्किल डभौरा अंतर्गत पटवारी हल्का छतैनी ग्राम लोनी निवासी अशोक सिंह ने जिला कलेक्टर रीवा को आवेदन देकर अपनी निजी पट्टे की जमीन का सीमांकन कराये जाने की मांग की है। पीड़ित किसान अशोक सिंह ने संवाददाता को बताया कि पटवारी हल्का छतैनी अंसरा गांव में मेरे निजी पट्टे की भूमि आराजी नंबर 80/14/1 रकवा-0.344हे0 जमीन के सीमांकन के लिए दो वर्ष पूर्व तहसील कार्यालय जवा में आवेदन दिया गया था जिसके परिपालन में तहसीलदार जवा द्वारा आर आई सर्किल डभौरा एवं पटवारी हल्का छतैनी को आदेशित कर शीघ्र सीमांकन कराये जाने के निर्देश दिए गए थे, उसके बावजूद आज तक मेरी जमीन का सीमांकन आर.आई.पटवारी द्वारा नहीं किया जा रहा है। पीड़ित किसान का कहना है मैं दो वर्ष से तहसील कार्यालय जवा का चक्कर लगा रहा हूं मेरा कोई सुनने वाला नहीं है साथ ही कहा कि मुझे शंका है कि पटवारी रजनीश सिंह के द्वारा मेरी जमीन के दस्तावेज में बड़े व्यापक पैमाने पर कांट-छांट लीपापोती की गई है, जिस कारण जानबूझकर मेरी जमीन का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जिला कलेक्टर रीवा का ध्यानाकर्षण कराकर शीघ्र सीमांकन कराये जाने वाले की गुहार लगाई है।

# संभाग स्तरीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक संपन्न

**मऊगंज ब्यूरो।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मऊगंज एवं रीवा जिले अन्तर्गत शासकीय भूमि को सार्वजनिक प्रयोजन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत अंतरण के प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा नियम और शर्तों को पूर्ण करने वाली भूमियों के अंतरण का अनुमोदन किया गया। बैठक में रीवा जिले के तहसील हुजूर की भूमि को पीएचई व नगरीय प्रशासन के साथ ही तहसील जवा अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में प्रस्तुत भूमियों में पानी की टंकी के निर्माण के लिए पीएचई विभाग द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का अंतरण किया गया। इसी क्रम में तहसील जवा अंतर्गत सितलहा की भूमि को स्कूल शिक्षा विभाग, हरदोली की भूमि को स्वास्थ्य विभाग को अंतरित किए जाने का अनुमोदन किया गया। इस दौरान नगर परिषद सिरमौर अन्तर्गत भूमि में शॉपिंग काम्पलेक्स व हॉकर्स कार्नर, तहसील सेमरिया के ग्राम पुरवा में रिसॉर्ट निर्माण हेतु पर्यटन विभाग को एवं डभौरा अन्तर्गत पनवार कला में रमशाला नदी के पुनर्जीवीकरण कार्य का अनुमोदन किया गया। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुटी शरीफ में दो दिवसीय उर्स का आयोजन

**चिल्ला, नि.प्र.।** कुटी शरीफ त्योंथर में हर बार की इस बार भी 6 एवं 7 फरवरी को उर्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाबा की दरगाह में त्योंथर अंचल में के अलावा काफी दूर दराज से लोग आकर शिरकत करते हैं। यहां पूरी रात कब्बाली सुनते हैं। साथ ही बाबा की दरगाह में मन्नत पूरी होने पर चादर चढ़ाते हैं। विदित है कि कुटी शरीफ में वर्ष में दो बार उर्स का आयोजन होता है। जिसमें भारी संख्या में लोग शिरकत करते हैं। यहां पर आने वालों के लिये 24 घंटा लंगर चलता है। सभी जायरीन जाते समय चादर चढ़ा कर जाते हैं।

## जनगणना अधिकारी नियुक्त

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में जनगणना 2027 के दोनों चरणों के लिए जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं। कलेक्टर संजय कुमार जैन प्रमुख जनगणना अधिकारी होंगे जबकि अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार पाण्डेय को जिला जनगणना अधिकारी एवं हेमन्त त्रिपाठी सहायक परियोजना अधिकारी को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रश्मि चतुर्वेदी एसडीएम हनुमना को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी बनाया गया है। वीरेन्द्र कुमार पटेल तहसीलदार को चार्ज अधिकारी ग्रामीण मऊगंज, उमाकांत शर्मा प्रभारी तहसीलदार को चार्ज अधिकारी ग्रामीण देवतालाब, शिवम कुमार गौतम तहसीलदार को चार्ज अधिकारी ग्रामीण हनुमना, सुनील कुमार द्विवेदी प्रभारी तहसीलदार को चार्ज अधिकारी ग्रामीण नईगढ़ी, नीरज कुमार दुबे नायब तहसीलदार को अतिरिक्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण मऊगंज, शिव प्रसाद नामदेव नायब तहसीलदार को अतिरिक्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण देवतलाब, बुद्धसेन माझी नायब तहसीलदार को अतिरिक्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण हनुमना, बैसाखूराम प्रजापति नायब तहसीलदार को अतिरिक्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण नईगढ़ी नियुक्त किया गया है। जबकि महेश पटेल सीएमओ नगर परिषद को चार्ज अधिकारी नगरीय मऊगंज, अरूण कुमार त्यागी सीएमओ को चार्ज अधिकारी नगरीय हनुमना एवं पूजा द्विवेदी सीएमओ को चार्ज अधिकारी नगरीय नईगढ़ी बनाया गया है।

# स्थगन आदेश के बावजूद भी नहीं रुका निर्माण कार्य



## मामला बघेड़ी वार्ड 14 का

**त्योंथर ब्यूरो।** चाकघाट वार्ड क्रमांक 14 स्थित सर्विस लाइन के बगल में भूमि सर्वे नंबर 12 रकबा 0.097 हेक्टर जो शासकीय भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किए जाने का आरोप लगाया गया है। जिसकी शिकायत रमेश कुशवाहा द्वारा त्योंथर में अधिकारियों के समक्ष किया गया है। संवाददाता को बताया गया कि उक्त प्रकरण में नायब तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश भी जारी किया जा चुका है। आरोप है कि आसपास के रहवासियों के पानी निकासी उक्त भूमि पर हो रहा है एवं निर्माण कार्य होने से लोगों को समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार मौके पर पटवारी द्वारा निरीक्षण कर संबंधित लोगों को निर्माण कार्य रोके जाने को लेकर समझाइए भी दी गई लेकिन उसके बावजूद भी निर्माण चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि निकाय के वार्ड क्रमांक एक से लेकर पंद्रह तक शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की होड़ लगी हुई है। जिस पर ठोस कदम और कार्यवाही देखने को नहीं मिल रहा है।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 को

**रीवा।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 फरवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में महाशिवरात्रि, होली, ईदुलफितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में समिति के सदस्यों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## अधिवक्ताओं और अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के वर्ष 2026 के अनुमोदित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार अकादमी सिविल जज, जूनियर डिवीजन (प्रवेश स्तर) की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य श्रेणियों के अधिवक्ताओं और अभ्यर्थियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम मध्य जनवरी से प्रारंभ है।

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Eye Strain
Eye Dryness
Eye Tiredness
Eye Freshness
Eye Cleanliness
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
Clinically Tested
24x7 Helpline: 8196822222
www.eyemantra.com
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS
EYE Mantra
आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** मऊगंज पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को घटना के दो माह बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। घटना की शिकायत युवती ने बीते वर्ष 11 दिसंबर को मऊगंज थाना में दर्ज करवाई थी। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी रोहित साहू पिता सुदामा साहू 22 वर्ष निवासी ग्राम पकरा शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और अब शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस ने शिकायत के बाद धारा 376 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया था जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

## पटरी विहीन सड़क पर डंफर दुर्घटनाग्रस्त

**जागरण, रीवा।** दुआरी से मैदानी को जोड़ने वाली सड़क के दोनों ओर पटरियां नहीं भरी गई, जिससे आए दिन कोई न कोई वाहन चालक इस अनियमितता का शिकार हो रहे हैं। गुरुवार रात नौ बजे इस सड़क से गुजर रहे डंपर क्रमांक एमपी-17-एचएच-2963 का पहिया नीचे उतर जाने से डंपर पलटते-पलटते बचा, लेकिन पहिया सड़क से नीचे उतर जाने से चालक डंपर को निकाल नहीं पाया, जिस वजह से उसे रात भर उसी हालत में छोड़ना पड़ा। सुबह क्रेन बुलवाकर से निकलवाना पड़ा। ज्ञातव्य है कि उक्त सड़क सेबड़ी संख्या में स्कूल जाने वाले बच्चों व स्कूल बस का जाना-आना होता है। रोड के दोनों की पटरियां भरी न होने व जमीन से काफी ऊंचाई पर स्थित सड़क के कारण इस पर कभी भी ड़ी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# फसल चराने के विवाद में अधेड़ की हत्या उपचार के दौरान तोड़ा दम, 3 गिरफ्तार

### लौर थाना क्षेत्र के फुलहा गांव में सामने आई वारदात

जागरण, रीवा

लौर थाना क्षेत्र के फुलहा गांव में खेत में मवेशियों को चराने के विवाद में तीन की संख्या में रहे आरोपियों ने तिवारी परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए रावेंद्र प्रसाद तिवारी पिता चिंतामणि तिवारी 53 वर्ष की उपचार के दौरान संजय गांधी अस्पताल में शुक्रवार को मौत हो गई। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। बताया गया कि घायल को परिजन उपचार के लिए गुरुवार को संजय गांधी अस्पताल लेकर आए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना के बाद पहले तो हत्या के प्रयास का मामला पंजीबद्ध किया था, जिसके बाद घायल की मौत के बाद प्रकरण में धाराओं के बढ़ाते हुए हत्या का मामला पंजीबद्ध किया गया है।



### तीन आरोपी गिरफ्तार

लौर पुलिस ने वारदात में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र आंशिक तिवारी निवासी फुलहा ने बताया कि आरोपी विनायक साकेत पिता सोमेश्वर साकेत, राजकुमार पिता

### उपचार में देरी से निकल गया अधिक खून

लौर पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि घटना बुधवार की शाम को हुई थी, जिसके बाद घायल को उपचार के लिए गुरुवार को अस्पताल पहुंचाया गया। सिर से अत्यधिक रक्तस्त्राव के चलते उपचार के दौरान राजेंद्र प्रसाद तिवारी की मौत हो गई। थाना प्रभारी राजेश पटेल ने बताया कि मामले में हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विश्वनाथ साकेत एवं गौरव साकेत पिता विनायक साकेत की गाय आए दिन उनके खेत में गाय से फसल चरवाते थे, जिससे फसल नष्ट हो रही थी। इसी बात को लेकर बुधवार की शाम पिता से आरोपियों की कहासुनी हुई और तीनो आरोपी निवासी ग्राम फुलहा ने लाठी डंडे से उनके पिता रावेंद्र प्रसाद तिवारी के ऊपर जानलेवा हमला कर दियाा। सिर पर गंभीर चोट आने के बाद घायल रावेंद्र प्रसाद तिवारी को गंभीर अवस्था मे संजय गांधी अस्पताल रीवा मे भर्ती करया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# संविदाकार के घर में आगजनी, गृहस्थी का कीमती सामान जलकर हुआ खाक

### देर रात विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सुंदर नगर में सामने आई आगजनी

### छत से कूदकर परिजनों ने बचाई जान



**जागरण, रीवा।** पीएचई के संविदाकार के घर में बीती रात भीषण आगजनी की घटना सामने आई। देखते ही देखते आग के आगोश में पूरा घर समा गया। आगजनी से करीब 40 लाख रुपए की कीमती सामग्री जलकर नष्ट हो गई। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सुंदर नगर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात्रि करीब 1.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। आगजनी के बाद परिवार के लोगों ने छत से कूदकर अपनी जान बचाई। आग किन कारणों से लगी अज्ञात है। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची वार्ड की पार्षद ने दमकल को बुलाकर आग पर काबू पाया। संकरी गली होने के कारण दमकल को रेस्क्यू करने में थोड़ा परेशानी आई जिसके बाद तकरीबन 2 घंटे बाद आग बुझाई जा सकी ।

### पार्षद ने दी जानकारी

घटना के संबंध में वार्ड की पार्षद विमला सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन डेढ़ बजे वार्ड क्रमांक 9 सुंदर नगर में रहने वाले संविदाकार शिवेंद्र तिवारी के मकान से आग की लपटें निकलने लगीं। इस दौरान चीख पुकार सुनकर वह भी मौके पर पहुंचे और तत्काल दमकल को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल मौके पर पहुंचा और तकरीबन 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया गया है कि संविदाकार के घर को आग की लपटों ने पूरी तरह से अपने चपेट में ले लिया था।

### सब कुछ जलकर हो गया स्वाहा

संविदाकार शीवेंद्र तिवारी के घर में हुई आगजनी से लाखों की कीमती सामग्री जलकर स्वाहा हो गई। आगजनी में घर में लगे एसी, टीवी, 2 आईफोन, सोफा ,बेड, फॉल सीलिंग बाथरूम और एक डाइनिंग हॉल दीवार के प्लास्टर तक जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि किचन तक आग नहीं पहुंची, जहां 3 सिलेंडर रखे थे, समय रहते फायर ब्रिगेड पहुंच गई जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि करीबन 40 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आगजनी में नीचे और ऊपर के फ्लोर में लगी आग और धुंए से दूसरे कमरों में रखे कपड़े सहित व इलेक्ट्रानिक सामान खराब हो गए।

# रीवा को मिली स्टेट तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी



### मिहिरसेन तरणताल में होगी 54 वीं ओपन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता

**जागरण, रीवा।** अपने नव निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच चुके मिहिरसेन तरणताल के लिए खुशखबरी यह है कि इसमें 54वीं ओपन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की अभी तारीख घोषित नहीं की गई है लेकिन यह प्रतियोगिता मई के अंतिम सप्ताह अथवा जून के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जा सकती है। यह जानकारी देते हुए मप्र तैराकी संघ की सदस्य शकुन्तला तिवारी ने बताया कि रीवा को 54वीं ओपन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई है। यह रीवा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि विगत 31 जनवरी को खेलों मप्र गेम्स इंदौर में मप्र तैराकी संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमे मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा और सचिव जय वर्मा द्वारा 54वीं ओपन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की जिम्मेदारी उच्च विंध्य तैराकी संघ रीवा को सौंपी गई है। प्रतियोगिता की तारीख बाद में घोषित की जाएगी। उच्च विंध्य तैराकी संघ की तरफ से आशुतोष तिवारी और रविन्द्र सोनी द्वारा अगुवाई की गई। मप्र तैराकी संघ की सदस्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता के चलते ही निगमायुक्त डॉ. सौरभ द्वारा निर्माणाधीन मिहिरसेन तरणताल का निरीक्षण कर ठेकेदार को शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण काम पूरा करने के निर्देश दिया गया है।

## सोते समय परिवार पर सरहंगों ने किया जानलेवा हमला



**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के शाहपुर गांव में घर के भीतर सो रहे एक परिवार पर बीती रात अचानक से जानलेवा हमला का मामला प्रकाश में आया। घटना में एक ही परिवार के 5 लोग घायल हुए है। आरोप है कि शराब के नशे में सरहंगों ने उत्पात मचाते हुये लाठी सब्बल और टांगे से हमला कर दिया, इस दौरान महिला सहित उसकी सास ससुर, पुत्र और देवर घायल हो गए। घायलों में 3 लोगों को उपचार के लिये रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया है, जहां उनका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। घटना के संबंध में घायल महिला रामबाई ने जानकारी देते हुये बताया कि गुरूवार की रात करीब 9 बजे गांव के ही सरहंग शराब के नशे में उत्पात मचाते हुये उसके घर में घुसकर लाठी सब्बल व टांगे से हमला कर दिया। महिला के मुताबिक आरोपियों ने घर के भीतर सो रहे उसके बेटे पर टांगा से हमला कर दिया, इसी बीच बचाव करने पर आरोपियों उसे और उसके बेटे सहित सास ससुर व देवर के साथ भी मारपीट किए। पीड़ित महिला की के मुताबिक घटना में 5 लोग घायल हुए जिसमे तीन को गंभीर चोट आई है।

# 315 पाव देशी शराब के साथ तस्कर पकड़ाया

### हनुमना पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत की कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** हनुमना पुलिस ने अवैध रूप से शराब की तस्करी करने एक आरोपी को बड़ी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बीती रात रेड कार्रवाई कर आरोपी विजय कुमार कोल निवासी अगरही के निर्माणाधीन घर के सामने रोड के किनारे अवैध शराब के साथ धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 07 खाकी रंग के कार्टूनो में कुल 315 पांव (कुल 56.700 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त की। पकड़ी गई शराब की कीमत 23 हजार 625 रुपए



बताई गई है। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार कोल पिता कालीचरण कोल 32 वर्ष निवासी अगरही के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## पागल कुत्ते ने मासूम बच्चे सहित 5 लोगों को काटा



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया मोहल्ले में आवारा पागल कुत्ते ने एक मासूम सहित पांच लोगों का काट लिया। रहवासियों के आरोप है अज्ञात लोगों ने बड़ी संख्या में यहां आवारा कुत्तों को छोड़ दिये जो अब आम लोगों को काट रहे हैं। बताया गया कि कुत्ते के हमले से तीन युवक और एक लड़की सहित एक 10 साल का बच्चा जख्मी हुआ है, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गयाा । घटना गरूवार शाम की बताई गई है। रहवासियों ने बताया कि 10 वर्षीय बच्चा घर के बाहर खेल रहा था तभी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे को कई जगह काट खाया, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो वह उन पर भी झपट पड़ा और देखते ही देखते पांच लोग डॉग बाइट के शिकार हो गए। आरोप है कि अज्ञात लोगों के द्वारा 15 से 20 की संख्या में आवारा कुत्तों को बिछिया स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास छोड़ा गया है।

बाल्य हृदय रोग OPD मऊगंज में
डॉ. धर्मेश पटेल
MBBS, MD, FPCC, FIECHO, FIAE, FICMO, FICCC
बाल्य एवं शिशु रोग, क्रिटिकल केयर एवं बाल्य हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेन्ट- मैक्स एवं फोर्टिस हॉस्पिटल, नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को : 07 फरवरी
समय: सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
जाँच सुविधाएं
इकोकार्डियोग्राफी • टी.एम.टी. • ई.सी.जी. • होल्टर • ए.बी.पी.एम. • डिजिटल एक्स-रे
आशीर्वाद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुग्मा कुर्मियान (मऊगंज)
Mob.: 8770288324, 9893516364

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
8 फरवरी, रविवार
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को
सुबह 10 बजे 2 बजे तक
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 300/-
मो.-7247097637

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास, गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.)
मो. 7869516171

Minerva
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

बैद्यनाथ
काढ़ा
बदलते मौसम में उपयुक्त
घुटनों का दर्द
माँसपेशियों का दर्द
हाथ-पैर अकड़ना
हरारत
बदन दर्द
आँखें लाल होना
इनसे बचने के लिए शुद्ध गुग्गुलु युक्त
महारास्नादि काढ़ा (गुग्गुलु युक्त)
बदलते मौसम के कारण उत्पन्न वात दोष से सम्बंधित तकलीफें - घुटनों व माँसपेशियों का दर्द, सूजन आना, हाथ-पैर अकड़ना आदि दूर करने में सहायक।
इनसे बचने के लिए चिरायता युक्त
महासुदर्शन काढ़ा
बदलते मौसम के कारण उत्पन्न तकलीफें जैसे- हरारत, हाथ व पैर में अकड़न, मुँह का स्वाद कड़वा होना, भूख न लगना, सिरदर्द, बार-बार प्यास लगना, आँखे लाल होना आदि दूर करने में सहायक।
वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935 www.baidyanath.co

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com